**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.04.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण,हिंदुस्तान,आज,अमृत प्रभात,जागरुक एक्स्प्रेस,न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन,संदेश वाहक,तरुण मित्र, " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 18.04.2026

### आदर्श मॉडल टाउनशिप के तौर पर मढ़नी को करें विकसित: मंडलायुक्त

**मंडलायुक्त एस राजलिंगम, वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने किया निरीक्षण**

वाराणसी। वीडीए की ओर से मढ़नी क्षेत्र में विकसित की जा रही बहुप्रतीक्षित आवासीय टाउनशिप परियोजना का शुक्रवार को मंडलायुक्त एस राजलिंगम और वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने कहा कि आदर्श मॉडल टाउनशिप के तौर पर मढ़नी को विकसित करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। प्रस्तावित मढ़नी आवासीय योजना के तहत अब तक कुल 82 आराजी का क्रय किया जा चुका है।

योजना का कुल क्षेत्रफल 62.83 हेक्टेयर है। इसमें 2.3053 हेक्टेयर भूमि लैंड पुलिंग के माध्यम से प्राप्त की गई है। यह परियोजना वाराणसी के शहरी विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मंडलायुक्त ने सड़क निर्माण, जल निकासी प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, हरित क्षेत्र विकास समेत सभी आधारभूत सुविधाओं को मॉडल टाउनशिप के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप परिकल्पित एवं नियोजित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना को तय समय सीमा में पूरा कराएं।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को आधुनिक सुविधायुक्त माडल टाउनशिप समय पर उपलब्ध कराना शासन व स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने, बाधाओं को तत्काल दूर करने और परियोजना को सुव्यवस्थित और नागरिक हितैषी स्वरूप देने के निर्देश दिए। ताकि यह टाउनशिप क्षेत्रीय विकास का आदर्श मॉडल बन सके। ब्यूरो

## दैनिक जागरण –दि0 18.04.2026

### मढ़नी में 170 करोड़ से 100 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री

- वीडीए के मढ़नी में प्रस्तावित नई टाउनशिप को देखने पहुंचे मंडलायुक्त
- योजना को विकसित करने में खर्च होंगे 925 करोड़ रुपये, रेरा में पंजीयन को भेजी फाइल

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल मढ़नी में प्रस्तावित नई टाउनशिप को देखने शुक्रवार को मंडलायुक्त एस राजलिंगम पहुंचे। 100 एकड़ से अधिक जमीन की रजिस्ट्री होने पर खुशी जाहिर करते हुए और कराने का निर्देश दिया। इन किसानों को 170 करोड़ रुपये किसानों को मुआवजा बांटा जा चुका है। योजना को विकसित करने में 925 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, 15 एकड़ जमीन लैंड पुलिंग योजना में होना गर्व की बात है। योजना शुरू करने से पहले रेरा में पंजीकरण के लिए फाइल भेजी गई है। जल्द ही अनुमति मिलेगी।



मंडलायुक्त एस राजलिंगम को जानकारी देते वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा। स्रोत–वीडीए


मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि नई टाउनशिप को काशी थीम पर आधारित एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं विश्वस्तरीय 'माडल टाउनशिप' बनाएं। ये ग्रेटेड टाउनशिप होगा जो पूरी तरह से सुरक्षित होगा। करीब ढाई दशक बाद वीडीए को इतनी जमीन मिलना बड़ी बात है। इसमें 80 से 100 फीट चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि नई टाउनशिप में आवासीय, व्यावसायिक एवं संस्थागत, आवासीय ग्रुप हाउसिंग बनाए जाएंगे। इसके अलावा होटल, अस्पताल, शापिंग माल आदि सुविधाएं होंगी। यहां से विशेष बसें संचालित की जाएंगी जिससे लोगों के आवागमन में कोई परेशानी नहीं हो। सड़क, जल निकासी, विद्युत, हरित क्षेत्र समेत अन्य सुविधाएं अवस्थापना निधि से कराएं जाएंगे। इस अवसर पर वीडीए सचिव डा. वीपी मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, प्रभाकर पांडेय, आरती, फरहा बेगम आदि अधिकारी थे।

## हिन्दुस्तान –दि0 18.04.2026

# काशी थीम पर विकसित होगी योजना

**वाराणसी, प्रमुख संवाददाता।** वीडीए प्रशासन 62.83 हेक्टेयर में मढ़नी आवासीय योजना विकसित करेगा। 925 करोड़ से विकसित हो रही परियोजना का शुक्रवार को मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप को काशी थीम पर सुव्यवस्थित एवं विश्वस्तरीय मॉडल के रूप में विकसित किया जाए।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए कार्य के निर्देश दिए। सड़क निर्माण, जल निकासी, बिजली आपूर्ति, ग्रीन बेल्ट विकसित करने समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित कराने को कहा। मढ़नी टाउनशिप के लिए अब तक 100 एकड़ से अधिक जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है। लगभग 15 एकड़ जमीन पूलिंग के माध्यम से ली गई हैं।



मढ़नी आवासीय योजना का निरीक्षण करते मंडलायुक्त एस. राजलिंगम।

परियोजना के अंतर्गत किसानों को अब तक लगभग ₹170 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया है। लगभग 30 वर्षों के बाद वीडीए की पहली पूरी तरह गेटेड टाउनशिप होगी। इसमें 80 से 100 फीट चौड़ी सड़कें होंगी। टाउनशिप में होटल, अस्पताल, शॉपिंग मॉल की सुविधा समेत '15 मिनट सिटी' की अवधारणा के अनुसार सभी सुविधाएं लोगों को मिल सकेंगी।


वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बताया कि रेरा पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। प्राधिकरण किसानों को पूलिंग के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इस अवसर पर वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, प्रभाकर पाण्डेय, आरती चौरसिया, फरहा बेगम मौजूद रहीं।

## आज–दि0 18.04.2026

# मढ़नी एक आदर्श मॉडल टाउन बनेगा-मंडलायुक्त

## ६२.८३ हेक्टेयर में विकसित होगी आवासीय योजनाएं

मढ़नी क्षेत्र को आवासीय टाउनशिप परियोजना में परिवर्तित करने के लिए शुक्रवार को मंडलायुक्त और विप्रा के अध्यक्ष एस.राजलिंगम और उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने मौके का निरीक्षण कर उसके प्रगति पर चर्चा भी की। साथ ही टाउनशिप परियोजना के लिए आवश्यक कार्य को संबंधित अधिकारियोंसे विचार विमर्श किया और उन्हें निर्देश दिया कि गुणवक्ता और समयबद्धताको निश्चित करते हुए इस योजनाको आगे बढ़ायें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि मडनी आवाशीय योजनाके तहत अवतक ८२ आराजी का क्रय किया जा चुका है। योजना का कुल क्षेत्रफल ६२.८३ हेक्टेयर निर्धारित है। जिसमें २.३०५३ हेक्टेयर भूमि लैंडपुलिंग के माध्यम से प्राप्त की गयी है। जो कि शहर के विस्तारीकरण में मुख्य भूमिका निभायेगा। मंडलायुक्त और विप्रा अध्यक्ष ने कहा कि सड़क निर्माण, जल निकासी प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, हरितक्षेत्र विकास समेत सभी आधारभूत सुविधाओं को मार्डन टाउनशिप में शामिल किया गया। मानक के अनुरूप परिकल्पित एवं नियोजित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस परियोजनामें भूमि आवाप्ती व नियोजनके कार्य मानकों के अनुरूप और तय सीमा के भीतर किये जायें।



उन्होंने कहा कि टाउनशिप में नागरिकों की आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखना होगा और यह शासन और स्थानीय प्रशासन की यही मंशा भी है। मंडलाआयुक्त ने योजना पर उपाध्यक्ष और अन्य अधिकारियों से बात करते हुए उन्हें चेताया भी कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और इसमें आनेवाली बाधाओं को तत्काल दूर करके टाउनशिप को क्षेत्रीय विकास आदर्श माडल बनाया जाय। निरीक्षणमें विप्रा सचिव डाक्टर वेदप्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अमृत प्रभात –दि0 18.04.2026

# मढ़नी क्षेत्र में आवासीय टाउनशिप परियोजना का स्थलीय निरीक्षण

**अमृत प्रभात, वाराणसी (नि.सं.)।**

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा मढ़नी क्षेत्र में विकसित की जा रही बहुप्रतीक्षित आवासीय टाउनशिप परियोजना का शुक्रवार को मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

इस दौरान अधिकारियों को तयसमय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश देते हुए अधिकारी द्वय ने बताया कि प्रस्तावित मढ़नी आवासीय योजना के तहत अब तक कुल 82 आराजी का क्रय किया जा चुका है। योजना का कुल क्षेत्रफल 62.83 हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें 2.3053 हेक्टेयर भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त की गई है। यह परियोजना वाराणसी के शहरी विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम ने सड़क निर्माण, जल निकासी प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, हरित क्षेत्र विकास समेत सभी आधारभूत सुविधाओं को ₹माडल टाउनशिपर हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप परिकल्पित एवं नियोजित करने पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के भू-अवाप्ति व नियोजन के कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।



**मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम ने गुणवत्तापूर्ण कार्य पर दिया जोर**

उन्होंने कहा कि नागरिकों को आधुनिक सुविधायुक्त माडल टाउनशिप समय पर उपलब्ध कराना शासन एवं स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता है। उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के साथ निरीक्षण करते हुए मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने, बाधाओं को तत्काल दूर करने तथा परियोजना को सुव्यवस्थित और नागरिक हितैषी स्वरूप देने के निर्देश दिए, ताकि यह टाउनशिप क्षेत्रीय विकास का आदर्श मॉडल बन सके। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जागरूक एकस्प्रेस–दि0 18.04.2026

# आधुनिक व सुव्यवस्थित बनाएं मढ़नी टाउनशिप

## मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम व वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने किया स्थलीय निरीक्षण

जिला संवाददाता

**वाराणसी (जागरूक एक्सप्रेस)।** विकास प्राधिकरण द्वारा मढ़नी क्षेत्र में विकसित की जा रही बहुप्रतीक्षित आवासीय टाउनशिप परियोजना का शुक्रवार को मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्रस्तावित मढ़नी आवासीय योजना के तहत अब तक कुल 82 आराजी का क्रय किया जा चुका है। योजना का कुल क्षेत्रफल 62.83 हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें 2.3053 हेक्टेयर भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त की गई है। यह परियोजना वाराणसी के शहरी विस्तार में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाएगी। मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम ने सड़क निर्माण, जल निकासी प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, हरित क्षेत्र विकास समेत सभी आधारभूत सुविधाओं को माडल टाउनशिप हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप परिकल्पित एवं नियोजित करने पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के भू-अवाप्ति व नियोजन के कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आधुनिक सुविधायुक्त माडल टाउनशिप समय पर उपलब्ध कराना शासन एवं स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता है। उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के साथ निरीक्षण करते हुए मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने, बाधाओं को तत्काल दूर करने तथा परियोजना को सुव्यवस्थित और नागरिक हितैषी स्वरूप देने के निर्देश दिए, ताकि यह टाउनशिप क्षेत्रीय विकास का आदर्श मॉडल बन सके।

जागरूक एक्सप्रेस –दि0 18.04.2026

## वीडीए की ओटीएस योजना 2026 का हुआ शुभारंभ

**वाराणसी (जागरुक एक्सप्रेस)।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संपत्तियों एवं मानचित्र से संबंधित बकायेदारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त समाधान योजना (OTS-2026) लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य उन आवंटियों एवं भू-स्वामियों को आर्थिक राहत प्रदान करना है, जो विभिन्न कारणों से अपनी देय किस्तों का समय पर भुगतान नहीं कर सके हैं। योजना के अंतर्गत ऐसे सभी डिफॉल्टर्स को एक विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसके तहत उनकी बकाया राशि पर लगने वाले दंड ब्याज को पूर्णतः माफ किया जाएगा। लाभार्थियों को केवल साधारण ब्याज का भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त, योजना को और अधिक आकर्षक बनाते हुए यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई आवंटी अपनी समस्त बकाया धनराशि का एकमुश्त भुगतान करता है, तो उसे देय राशि पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश –दि0 18.04.2026

## आदर्श मॉडल टाउनशिप के तौर पर विकसित करें आधुनिक व सुव्यवस्थित मढ़नी टाउनशिप: मंडलायुक्त



वाराणसी।विकास प्राधिकरण द्वारा 'मढनी क्षेत्र में विकसित की जा रही बहुप्रतीक्षित आवासीय टाउनशिप परियोजना का शुक्रवार को मण्डलायुक्त एसण् राजलिंगम एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने स्थलीय निरीक्षण' कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्रस्तावित मढनी आवासीय योजना के तहत अ 'ब तक कुल 82 आराजी का क्रय किया जा चुका' है। 'योजना का कुल क्षेत्रफल 62ण्83 हेक्टेयर' निर्धारित हैए जिसमें 2ण्3053 हेक्टेयर भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त की गई है। यह परियोजना वाराणसी के शहरी विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।मण्डलायुक्त एसण् राजलिंगम ने 'सड़क निर्माणए जल निकासी प्रणालीए विद्युत आपूर्तिए हरित क्षेत्र विकास समेत सभी आधारभूत सुविधाओं को ष्माडल टाउनशिपष् हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप परिकल्पित एवं नियोजित करने पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के भू.अवाप्ति व नियोजन के कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा के भीतर पूर्ण' किए जाएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आधुनिक सुविधायुक्त माडल टाउनशिप समय पर उपलब्ध कराना शासन एवं स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता है।उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के साथ निरीक्षण करते हुए मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में तेजी लानेए बाधाओं को तत्काल दूर करने तथा परियोजना को सुव्यवस्थित और नागरिक हितैषी स्वरूप देने के निर्देश दिएए ताकि यह टाउनशिप क्षेत्रीय विकास का आदर्श मॉडल बन सके। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव डॉण् वेद प्रकाश मिश्राए नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायाधीश –दि0 18.04.2026

## वीडीए ने किया एकमुश्त समाधान योजना का शुभारम्भ


वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संपत्तियों एवं मानचित्र से संबंधित बकायेदारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त समाधान योजना लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य उन आवंटियों एवं भू-स्वामियों को आर्थिक राहत प्रदान करना है, जो विभिन्न कारणों से अपनी देय किस्तों का समय पर भुगतान नहीं कर सके हैं।योजना के अंतर्गत ऐसे सभी डिफॉल्टर्स को एक विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसके तहत उनकी बकाया राशि पर लगने वाले दंड ब्याज को पूर्णतः माफ किया जाएगा। लाभार्थियों को केवल साधारण ब्याज का भुगतान करना होगा, जिससे उनके ऊपर वित्तीय भार में उल्लेखनीय कमी आएगी।इसके अतिरिक्त, योजना को और अधिक आकर्षक बनाते हुए यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई आवंटी अपनी समस्त बकाया धनराशि का एकमुश्त भुगतान करता है, तो उसे देय राशि पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। यह प्रावधान उन आवंटियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो एक ही बार में अपना समस्त बकाया समाप्त करना चाहते है।यह योजना दिनांक 18 अप्रैल 2026 से सीमित अवधि के लिए प्रभावी रहेगी। अतः वाराणसी विकास प्राधिकरण सभी पात्र आवंटियों से अपील करता है कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने बकाया देयों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें।इच्छुक आवंटी योजना के अंतर्गत आवेदन करने हेतु प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट https://vdavns.com/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण कार्यालय में भी संपर्क कर सकते है।

परफेक्ट मिशन –दि0 18.04.2026

## आदर्श मॉडल टाउनशिप के रूप में विकसित हो मढ़नी टाउनशिप : मण्डलायुक्त

❑ मढ़नी टाउनशिप हेतु अब तक 100 एकड़ से अधिक भूमि का रजिस्ट्री के माध्यम से अधिग्रहण किया जा चुका है, लगभग 15 एकड़ भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है

**परफेक्ट मिशन**



**वाराणसी।** मढ़नी टाउनशिप परियोजना का शुक्रवार को मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा एवं सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का विस्तृत जायजा लिया गया।

इस दौरान अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि मढ़नी टाउनशिप हेतु अब तक 100 एकड़ से अधिक भूमि का रजिस्ट्री के माध्यम से अधिग्रहण किया जा चुका है, जबकि लगभग 15 एकड़ भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त हुई है। परियोजना के अंतर्गत किसानों को लगभग 170 करोड़ से अधिक का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। यह टाउनशिप कुल 62.83 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जा रही है, जिसकी अनुमानित लागत 925 करोड़ है। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि टाउनशिप को काशी थीम पर आधारित आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं विश्वस्तरीय मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने बताया कि यह लगभग 30 वर्षों बाद विकसित हो रही पूर्णतः गेटेड टाउनशिप होगी, जिसमें 80 से 100 फीट चौड़ी सड़कों सहित उच्च स्तरीय आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। परियोजना के अंतर्गत आवासीय, वाणिज्यिक एवं संस्थागत भूखण्डों के साथ हाई-राइज भवनों का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त टाउनशिप में होटल, अस्पताल, शॉपिंग मॉल एवं अन्य नागरिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे 15 मिनट सिटी की अवधारणा साकार हो सके। मण्डलायुक्त ने सड़क, जल निकासी, विद्युत आपूर्ति एवं हरित क्षेत्रों के विकास को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि योजना के शीघ्र शुभारंभ हेतु रेरा पंजीकरण की प्रक्रिया प्रगति पर है। इस अवसर पर नगर नियोजक प्रभात कुमार, प्रभाकर पाण्डेय, आरती चरासिया एवं फरहा बेगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

तरूण मित्र –दि0 18.04.2026

## वीडीए में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026) का हुआ शुभारम्भ

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संपत्तियों एवं मानचित्र से संबंधित बकायेदारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026) लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य उन आवंटियों एवं भू-स्वामियों को आर्थिक राहत प्रदान करना है, जो विभिन्न कारणों से अपनी देय किश्तों का समय पर भुगतान नहीं कर सके हैं।

योजना के अंतर्गत ऐसे सभी डिफॉल्टर्स को एक विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसके तहत उनकी बकाया राशि पर लगने वाले दंड ब्याज को पूर्णतः माफ किया जाएगा। लाभार्थियों को केवल साधारण ब्याज का भुगतान करना होगा, जिससे उनके ऊपर वित्तीय भार में उल्लेखनीय कमी आएगी। इसके अतिरिक्त, योजना को और अधिक आकर्षक बनाते हुए यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई आवंटी अपनी समस्त बकाया धनराशि का एकमुश्त भुगतान करता है, तो उसे देय राशि पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। यह प्रावधान उन आवंटियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो एक ही बार में अपना समस्त बकाया समाप्त करना चाहते हैं।यह योजना 18 अप्रैल 2026 से सीमित अवधि के लिए प्रभावी रहेगी। अतः वाराणसी विकास प्राधिकरण सभी पात्र आवंटियों से अपील करता है कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने बकाया देयों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। इच्छुक आवंटी योजना के अंतर्गत आवेदन करने हेतु प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट https://vdavns.com/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

संदेश वाहक –दि0 18.04.2026

## आदर्श मॉडल के तौर पर विकसित करें मढ़नी टाउनशिप : मंडलायुक्त

- मंडलायुक्त एस राजलिंगम व उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने किया स्थलीय निरीक्षण



**संदेश वाहक न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा मढ़नी क्षेत्र में विकसित की जा रही बहुप्रतीक्षित आवासीय टाउनशिप परियोजना का शुक्रवार को मण्डलायुक्त एसराजलिंगम एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्रस्तावित मढ़नी आवासीय योजना के तहत अब तक कुल 82 आराजी का क्रय किया जा चुका है। योजना का कुल क्षेत्रफल 62.83 हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें 2.3053 हेक्टेयर भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त की गई है। यह परियोजना वाराणसी के शहरी विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मण्डलायुक्त एस.राजलिंगम ने सड़क निर्माण, जल निकासी प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, हरित क्षेत्र विकास समेत सभी आधारभूत सुविधाओं को माडल टाउनशिप् हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप परिकल्पित एवं नियोजित करने पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के भूअवाप्ति व नियोजन के कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।

तरूण मित्र –दि0 18.04.2026

## आदर्श मॉडल टाउनशिप के तौर पर विकसित करें आधुनिक व सुव्यवस्थित मढ़नी टाउनशिप : मण्डलायुक्त

**मढ़नी टाउनशिप को लेकर कमिश्नर एस. राजलिंगम व वीडीए वीसी पुर्ण बोरा ने किया स्थलीय निरीक्षण**

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा मढ़नी क्षेत्र में विकसित की जा रही बहुप्रतीक्षित आवासीय टाउनशिप परियोजना का शुक्रवार को मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायज़ा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्रस्तावित मढ़नी आवासीय योजना के तहत अब तक कुल 82 आराजी का क्रय किया जा चुका है। योजना का कुल क्षेत्रफल 62.83 हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें 2.3053 हेक्टेयर भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त की गई है। यह परियोजना वाराणसी के शहरी विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम ने सड़क निर्माण, जल निकासी प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, हरित क्षेत्र विकास समेत सभी आधारभूत सुविधाओं को माडल टाउनशिप हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप परिकल्पित एवं नियोजित करने पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के भू-अवाप्ति व नियोजन के कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आधुनिक सुविधायुक्त माडल टाउनशिप समय पर उपलब्ध कराना शासन एवं स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता है। उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के साथ निरीक्षण करते हुए मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने, बाधाओं को तत्काल दूर करने तथा परियोजना को सुव्यवस्थित और नागरिक हितैषी स्वरूप देने के निर्देश दिए, ताकि यह टाउनशिप क्षेत्रीय विकास का आदर्श मॉडल बन सके। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



कमिश्नर एस राजलिंगम, वीडीए वीसी पुर्ण बोरा संग आवासीय टाउनशिप परियोजना का निरीक्षण करते हुए। सचिव डॉ वेद प्रकाश सहित अन्य अफ़सर रहे मौजूद